



UTTAR PRADESH POLICE RADIO

# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**नवम्बर–2020**

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

### पुलिस रेडियो मुख्यालय पर गाँन्धी जयन्ती कार्यक्रम



- दिनांक 02.10.2020 : उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के प्रशिक्षण केन्द्र में गाँन्धी जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम में अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री सुनील कुमार गुप्ता ने राष्ट्रपिता मोहनदास करमचन्द गाँन्धी जी के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया। रेडियो मुख्यालय के उप महानिरीक्षक, राज्य रेडियो अधिकारी, अपर राज्य रेडियो अधिकारी, सहायक रेडियो अधिकारी, रेडियो निरीक्षकगण ने माल्यार्पण/पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर गाँन्धी जी के प्रिय भजन ''वैष्णव जन तो..............'' का भावपूर्ण गायन पुलिस रेडियो कार्मिकों ने किया। अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री सुनील कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर उपस्थित स्टाफ को गाँन्धी जी के जीवन दर्शन एवं उनके कालजयी व्यक्तित्व के अन्तर्गत उनके जीवन में सामाजिक अन्याय के प्रति जागरुकता के कारण; किसानों, मजदूरों और शहरी श्रमिकों को अत्यधिक भूमिकर और भेदभाव के विरुद्ध एकजुट करने; देश में गरीबी से राहत दिलाने, महिला अधिकार, धार्मिक एवं जातीय एकता तथा छुआछूत के विरोध में कार्यक्रम चलाने; अस्पृश्यता को ईश्वर और मानवता के प्रति अपराध बताने, भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन के अन्तर्गत सत्याग्रह, अहिंसा, असहयोग, सविनय अवज्ञा, अंग्रेजों भारत छोड़ो, स्वराज जैसे देशव्यापी आन्दोलन तथा दांडी यात्रा जैसी जन जागरुक यात्राओं से देश की जनता को एकजुट करने; सभी परिस्थितियों में सत्य और अहिंसा का पालन करने, आमजन को जागरुक करने के लिये समाचार पत्र लेखन एवं पुस्तक प्रकाशन कार्य, इत्यादि का वर्णन किया।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2007 से गाँन्धी जयन्ती को 'विश्व अहिंसा दिवस' के रूप में मनाने, विश्व में गाँन्धी जी के मुख्य अनुयायियों तथा गाँन्धी जी के बारे में भौतिक वैज्ञानिक आइंस्टीन के विचारों का भी उल्लेख श्री गुप्ता ने सम्बोधन में किया। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गाँन्धी जी के सिद्धान्तों को मूर्तरुप देने हेतु प्रारम्भ करायी गयी योजनाओं का उल्लेख भी किया गया।

श्री लाल बहादुर शास्त्री जी का भी स्मरण कर उनके मुख्य नारों 'मरो नहीं, मारो' एवं 'जय जवान–जय किसान', उनकी सादगी, गरीबों की सेवा व स्वाधीनता संग्राम में सक्रिय भागीदारी का स्मरण किया गया। शास्त्री जी के एक कुशल मध्यस्थ, खाद्यान मूल्यों पर नियंत्रण व भारतीय प्रधान मंत्री रहते हुए पाकिस्तान के साथ सन् 1965 के युद्ध में शास्त्री जी की दृढ़ता का उल्लेख किया गया। शास्त्री जी मरणोपरान्त सन् 1966 में भारत रत्न से सम्मानित किये गये।

### पुलिस रेडियो मुख्यालय पर "राष्ट्रीय एकता दिवस" कार्यक्रम

- दिनांक 31.10.2020: 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिन उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पूर्वान्ह 1100 बजे, मास्क/सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुए, शपथ ग्रहण की गयी। ज्ञातव्य हो कि तत्कालीन गृह मंत्री, भारत सरकार, सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा अंग्रेजों से भारत की आजादी के बाद 565 भारतीय रियासतों को भारत राष्ट्र में संविलीन करने में ऐतिहासिक भूमिका का निर्वहन किया गया था जिसके फलस्वरुप वर्तमान भारत राष्ट्र का अस्तित्व सम्भव हुआ।

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 | |
|---|---|
| दिनांक | जनपद |
| 30.10.2020 | चित्रकूट |
| 28–29.10.2020 | गोरखपुर |
| 23–24.10.2020 | गोरखपुर |
| 22.10.2020 | आगरा |
| | अमरोहा |
| | बुलन्दशहर |
| | फिरोज़ाबाद |
| 17–18.10.2020 | गोरखपुर |
| 16.10.2020 | बलरामपुर |

- दिनांक 31.10.2020: तुलसीपुर देवीपाटन मन्दिर, जनपद बलरामपुर में लगने वाले शारदीय नवरात्रि मेला के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी एवं आवश्यकतानुसार निगरानी हेतु सीसीटीवी अधिष्ठापित कराये गये।
- दिनांक 29.10.2020: जनपद मीरजापुर में रिपीटर संचार व्यवस्था संतोषजनक न होने के कारण रेडियो निरीक्षक, सोनभद्र के नेतृत्व में थाना मड़िहान, जनपद मीरजापुर की तृतीय तल की छत पर 40 एवं 35 फिट के 02 एण्टिना अधिष्ठापित कराकर संचार व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाया गया।
- दिनांक 25.10.2020: शारदीय नवरात्रि विन्ध्याचल मेला के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी एवं आवश्यकतानुसार निगरानी हेतु सीसीटीवी अधिष्ठापित कराये गये।

## प्रशंसनीय कार्य

- दिनांक 11.10.2020: जनपद झाँसी में नियुक्त प्रधान परिचालक/5911, श्री विक्रान्त सिंह निजी कार्य से पॉलीटेक्निक कॉलेज, झाँसी के पास से गुजर रहे थे तो शोर सुनाई देने पर शोर की दिशा में गये तो देखा कि आठ–दस लड़के को एक लड़के को बेल्टों से मार रहे हैं। उक्त प्रधान परिचालक के नजदीक जाने पर लड़के भाग गये। घायल लड़के के साथ एक लड़की भी थी, जिससे अभद्रता की जा रही थी। प्रधान परिचालक ने तत्काल नगर नियंत्रण कक्ष को सूचित कर फोर्स बुलाकर एक बड़ी घटना घटित होने से बचायी।




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी द्वारा दिनांक 14.10.2020 को उक्त परिचालक को रु0 25,000.00 का नगद पारितोषिक स्वीकृत किया एवं शासन द्वारा संचालित "मिशन शक्ति" अभियान के अन्तर्गत पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र द्वारा श्री विक्रांत सिंह को महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में महिलाओं की उन्नति व महिला सुरक्षा के प्रति जागरुकता तथा प्रचार–प्रसार की दिशा में रोल मॉडल/नारी शक्ति के रक्षक के रुप में अनुकरणीय योगदान हेतु "मिशन शक्ति" का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है।

- दिनांक 03.10.2020: जनपद नियंत्रण कक्ष, जनपद कौशाम्बी में समय 0142 बजे यूपी–112 द्वारा सूचित किया गया कि भैरव भीटी चैम्पियर ढ़ाबा से 20 वर्ष के लड़के को किडनैप कर काले रंग की फॉरचूनर गाड़ी संख्या: यूपी16एफ 1936 मंझनपुर की तरफ भागी है। उक्त सूचना पर ड्यूटीरत सहायक परिचालक/6044, सैयद कमर अब्बास द्वारा त्वरित गति से सर्वसम्बन्धित को सूचित कर चेकिंग कराकर उक्त वाहन को यमुना ब्रिज पर बरामद कराया गया। उक्त कार्य की पुलिस अधीक्षक, कौशाम्बी द्वारा प्रशंसा की गयी।

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में अक्टूबर–2020 में 127 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## पुलिस मुख्यालय, उ0प्र0 के आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के अ0शा0 परिपत्र संख्या: डीजी–38/2020 दिनांक 26.10.2020 द्वारा विभिन्न इलेक्ट्रानिक एवं प्रिन्ट मीडिया में पुलिस विभाग से सम्बन्धित समाचार एवं फोटो आदि प्रकाशित होने के क्रम में पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा ड्यूटी के समय समुचित वर्दी धारण न किये जाने एवं दाढ़ी रखने के सम्बन्ध में कतिपय आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। निर्देशों का पालन न करने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया गया है।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या: डीजी–आठ–93(03)/2020–82/5853 दिनांक 26.10.2020 द्वारा मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित पी0आई0एल0(सिविल) संख्या: 574/2020 In-Re Inhuman Condition At Quarantine Centres And for Providing Better Treatment To Corona Positive vs. State of U.P. में पारित आदेश दिनांक 07.10.2020 के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या: डीजी–तीन–12(9)2020 दिनांक 17.10.2020 द्वारा दिनांक 21.10.2020 को पुलिस स्मृति दिवस परेड के अवसर पर मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार द्वारा शहीद पुलिस कर्मियों को नेशनल पुलिस मेमोरियल, नई दिल्ली में श्रृंद्धाजलि अर्पित किये जाने का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर प्रसारित किये जाने के क्रम में प्रसारण को देखे जाने हेतु उपलब्ध कराये गये लिंक/यूआरएल (https://webcast.gov.in/mha/ib/) को उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट पर उपलब्ध कराये जाने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0 को निर्देशित किया गया है।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या: डीजी–चार–110(108)/2020 दिनांक 05.10.2020 द्वारा 21 अक्टूबर 2020 को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 द्वारा सम्बोधित किये जाने वाले भाषण का

आलेख तैयार किये जाने के परिपेक्ष्य में विगत एक वर्ष में स्थापना विंग एवं मुख्यालय विंग की उपलब्धियों का विवरण/सामग्री उपलब्ध कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

## रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशासन के पुलिस रेडियो मेल संख्याः एम–236/2020 दिनांक 27.10.2020 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस शिक्षा निधि से आर्थिक सहायता के रूप में छात्रवृत्ति/एकमुश्त अनुदान स्वीकृत किये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप में अराजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रार्थना पत्र दिनांक 10.11.2020 तक सम्बन्धित अधिकारी की स्पष्ट संस्तुति सहित उपलब्ध कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को अवगत कराया गया है।
- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पुलिस रेडियो मेल संख्याः ई–489/2020(चुनाव) दिनांक 26.10.2020 द्वारा उत्तर प्रदेश विधानसभा उप चुनाव–2020 के दौरान संचार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु मतदान से एक दिन पूर्व, मतदान के दिन एवं मतगणना के दिन की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में रेडियो निरीक्षक/प्रभारी रेडियो, जौनपुर, उन्नाव, देवरिया, फिरोज़ाबाद, बुलन्दशहर, कानपुर नगर एवं अमरोहा को निर्देश जारी किये गये हैं।
- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पत्र संख्याः एआरओएम–397/2020(बिहार) दिनांक 18.10.2020 द्वारा दिनांक 28.10.2020, 03.11.2020 एवं 07.11.2020 को बिहार राज्य की विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2020 हेतु उत्तर प्रदेश से भेजे जाने वाले पीएसी कन्टीन्जेण्ट की सुदृढ़ संचार व्यवस्था हेतु 50 अदद वीएचएफ स्टैटिक सेट, 234 अदद वीएचएफ हैण्ड हेल्ड, 11 अदद एचएफ सेट, 22 अदद हैवी ड्यूटी बैट्रियाँ तथा अन्य अधिष्ठापन सामग्रियाँ तथा उपकरणों के संचालन हेतु 53 रेडियो स्टाफ को भेजे जाने से अवगत कराया गया है। पीएसी कन्टीन्जेण्ट के साथ भेजे जाने वाले वायरलेस सेट/रेडियो स्टाफ को समय से प्रस्थान कराने हेतु श्री अमित राज, अपर राज्य रेडियो अधिकारी, वाराणसी ज़ोन को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। पीएसी कन्टीन्जेण्ट की संचार व्यवस्था का प्रभारी श्री बलराम यादव, रेडियो निरीक्षक, चन्दौली को प्रभारी नामित किया गया है।
- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पत्र संख्याः एआरओएम–397/2020(बिहार) दिनांक 17.10.2020 द्वारा बिहार राज्य की विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2020 हेतु उत्तर प्रदेश से भेजे जाने वाले पीएसी कन्टीनजेण्ट की सुद्धढ़ संचार व्यवस्था के प्रभारी नामित किये गये हैं तथा रेडियो स्टाफ का चिन्हीकरण किया गया है।

## पदोन्नति/स्थानान्तरण

- राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के पत्र संख्याः ओ–62/2014 दिनांक 14.10.2020 द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन के पत्र संख्याः डीजी–दो–अ–56(ए.आर.ओ.–स्था.)–2018 दिनांक 14.02.2020 के क्रम में रेडियो निरीक्षक /सहायक रेडियो अधिकारियों का निम्नानुसार स्थानान्तरण किया जाना सुनिश्चित कराया गया है– 1. श्री बच्चू सिंह–जनपद मेरठ से मेरठ, 2. श्री अशोक कुमार मिश्र–जनपद लखनऊ से गोण्डा, 3. श्री जय प्रकाश सिंह–रेडियो मुख्यालय से जनपद लखनऊ, 4. श्री अनिल कुमार–रेडियो मुख्यालय से जनपद बहराईच, 5. श्री मोहन सिंह–जनपद बिजनौर से जनपद मथुरा, एवं 6. श्री सुरेश कुमार मिश्र–जनपद प्रयागराज से मीरजापुर।

## सेवानिवृत्ति

- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो से अक्टूबर–2020 में निम्न 15 अधिकारी/ कर्मचारी (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) सेवानिवृत्त हुए–

1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री कृष्ण कुमार सिंह राठौर, शाहजहाँपुर, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम बालक वर्मा, रेडियो मुख्यालय, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री खान अजीजुल्लाह, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रदीप कुमार सिंह, रेडियो मुख्यालय, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री पुरूषोत्तम सनवाल, रेडियो मुख्यालय, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ओम प्रकाश मिश्रा, फतेहपुर, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, गौतमबुद्धनगर, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रमोद कुमार, फिरोज़ाबाद, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री भूपेन्द्र सिंह विष्ट, लखनऊ, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कृष्ण कुमार पाण्डेय, लखनऊ, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सदा शिव पाण्डेय, प्रतापगढ़, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री तेजपाल सिंह, मथुरा, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री इन्द्र पाल सिंह, आगरा, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रवि शंकर शुक्ल, हरदोई एवं 15. ओ.पी., श्री दाताराम, मुरादाबाद।

सेवानिवृत्त हुए कार्मिकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी और अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान–पत्र भी प्रदान किये गये।








## अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार का भ्रमण कार्यक्रम

● दिनांक 06.10.2020: श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा जनपद झाँसी स्थित पुलिस संचार इकाइयों का निरीक्षण किया एवं स्टाफ सम्मेलन भी सम्पन्न किया।

## उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन का भ्रमण कार्यक्रम

● श्री सुनील कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन द्वारा दिनांक 29.10.2020 एवं 30.10.2020 को क्रमशः जनपद आगरा एवं मथुरा स्थित पुलिस संचार इकाइयों का निरीक्षण किया एवं स्टाफ सम्मेलन भी सम्पन्न किया।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

● उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में व्यक्तिगत दूरी एवं कोविड–19 सम्बन्धी आवश्यक दिशा–निर्देशों का पालन कराते हुए मास्टर ट्रेड हैण्ड का आस्थगित कार्यक्रम दिनांक 02.11.2020 से प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 प्रशिक्षणार्थियों को बुलाया गया है। ज्ञातव्य हो कि इस कोर्स के प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण आस्थगित रहने की अवधि में सभी सैद्धांतिक विषयों पर साप्ताहिक क्विज़ के साथ ही रेडियो थ्योरी विषय पर ऑनलाइन क्विज़ भी भेजी गयीं ताकि प्रशिक्षणार्थियों का पाठ्यक्रम रिवीज़न होता रहे।

## पुलिस स्मृति दिवस-2020

● भारत की उत्तरी सीमा पर स्थित लद्दाख के जनहीन क्षेत्र में 15,000 फिट से ऊँचे बर्फ से ढके पर्वतों के बीच, जहाँ कि सामान्य नागरिक सुविधाओं के उपलब्ध होने की कल्पना तक नहीं की जा सकती, वहाँ सदैव की भाँति देश की सीमा के सजग प्रहरी "केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल" के जवान अपनी नियमित गश्त पर निकले थे। गश्त के दौरान अचानक उन्हें लगा कि वे शत्रु से घिर चुके हैं। चीनी सैनिकों ने छलपूर्वक हमारे क्षेत्र में आकर हमारे ही सिपाहियों को पकड़ने के लिये एम्बुश लगाया था। चीनियों ने दावा किया कि वह क्षेत्र उनका है पर भारतीय जवान, जो कि अपने परिजनों को छोड़कर सुख–सुविधा से दूर उस निर्जन क्षेत्र में मातृभूमि की रक्षा का प्रण लेकर आये थे, अपनी मातृभूमि का एक इंच टुकड़ा भी शत्रु को कैसे सौंप देते? प्राण देकर भी मातृभूमि की रक्षा करने की भारतीय बहादुरों की परम्परा पर उन्होंने आँच नहीं आने दी तथा साधारण शस्त्रों के सहारे ही ये 10 जवान स्वचालित रायफलों व मोर्टारों से लैस चीनियों से भिड़ गये और मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दे दी।

भारतीय जवानों की शहादत का यह दिन (21 अक्टूबर, 1959) हमारे जवानों की प्रेरणा का एक अनन्य श्रोत बन गया। इन्हीं वीर जवानों की याद में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को भारत के पुलिसजन वीरगति को प्राप्त हुए अपने साथियों को श्रद्धाँजलि अर्पित करते हैं।

दिनांक 01 सितम्बर 2019 से 31 अगस्त 2020 तक की अवधि में सम्पूर्ण भारत में 264 पुलिसजनों द्वारा कर्तव्य की बेदी पर अपनी जीवन आहुतियाँ दी गई हैं, जिनमें आन्ध्रप्रदेश–03, अरुणाचल प्रदेश–02, बिहार–09, छत्तीसगढ़–25, हरियाणा–02, झारखण्ड–08, कर्नाटक–17, मध्य प्रदेश–07, महाराष्ट्र–05, मणिपुर–02, पंजाब–02, राजस्थान–02, तमिलनाडु–03, त्रिपुरा–02, उत्तर प्रदेश–09, उत्तराखण्ड–06, पश्चिम बंगाल–11, अण्डमान निकोबार द्वीप समूह–02, दिल्ली–11, जम्मू कश्मीर–12, आसाम राइफल्स–03, बीएसएफ–25, सीआईएसएफ–07, सीआरपीएफ–29, एफएस,सीडी,एचजी–04, आईटीबीपी–18, एमएचए–09, आरपीएफ–14, एसएसबी–15 के जवान सम्मिलित हैं।

## "अन्तिम धुन"- वास्तविक कहानी

● यह गाथा है सन् 1862 के अमेरिकी गृह युद्ध के समय की जब यूनियन आर्मी सेना के कप्तान राबर्ट इलिकोम्बे अपने साथियों के साथ वर्जीनिया के हैरीसन लैंडिग के निकट थे तथा सामने दूसरी तरफ थी कानफेडरेट आर्मी।

युद्ध क्षेत्र में रात्रि के समय कैप्टन इलिकोम्बे ने एक सैनिक के कराहने की आवाज सुनी जो बुरी तरह से जख्मी था। यह जाने बिना कि घायल सैनिक यूनियन आर्मी का है अथवा कानफेडरेट आर्मी का, कैप्टन ने अपनी जान को जोखिम में डालते हुए घायल सैनिक के चिकित्सीय मदद का निर्णय लिया। गोलाबारी के बीच रेंगते हुए कैप्टन घायल सैनिक तक पहुँच कर उसे अपने कैम्प की तरफ लाने लगा।

जब कैप्टन अन्ततः अपने कैम्प की सीमा में पहुँचा तब पाया कि वास्तव में वह एक कानफेडरेट सैनिक था, परन्तु वह सैनिक मर चुका था। कैप्टन ने एक लालटेन जलाई और उसकी मद्धिम रोशनी में उक्त सैनिक का चेहरा देखा तो सदमे से सन्न रह गया। वह उसका अपना ही पुत्र था।

जब युद्ध शुरू हुआ तो वह लड़का "साउथ" में संगीत का अध्ययन कर रहा था। अपने पिता को बिना बताये वह कानफेडरेट आर्मी में भर्ती हो गया था।

अगले दिन सुबह शत्रु सेना के लिये शहीद अपने पुत्र के शव को पूर्ण सैनिक सम्मान के साथ दफनाने के लिये अपने रूंधे हुए गले से वरिष्ठ अधिकारियों से कैप्टन ने अनुमति मांगी। उसके आग्रह को आंशिक रूप से स्वीकार कर लियागया।

कैप्टन ने अपने पुत्र के अन्तिम संस्कार के समय आर्मी बैण्ड समूह द्वारा शोक धुन बजाये जाने की अनुमति मांगी।
कानफेडरेट आर्मी का सैनिक होने के कारण उसके आग्रह को अस्वीकार कर दिया गया। परन्तु पिता के सम्मान को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने बैण्ड के एक सदस्य को देने की अनुमति दी। कैप्टन ने एक "बिगुलर" को चुना। कैप्टन ने मृत युवा सैनिक की वर्दी की जेब से मिले पत्र में लिखित संगीत श्रृंखला की धुन बजाने के लिए कहा। कैप्टन की यह इच्छा मान ली गयी।

यह वही "अन्तिम धुन" है जो आज भी शहीद सैनिकों के सम्मान में गुंजायमान होती है।

(साभार–श्री एस0एन0 सिंह, सेवानिवृत्त अपर पुलिस महानिदेशक)

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।